पत्रांक–14 / मु०स०–20–65 / 2025 2448 / न०वि०एवंआ०वि०

*ई–मेल
स्पीड पोस्ट / निबंधित
डाक

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**राजीव शंकर,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको।

पटना, दिनांक–27/06/25

**विषयः–** **मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु चयनित विभिन्न नगर निकायों के कुल 04 योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु कुल राशि ₹3640.93855 लाख (छत्तीस करोड़ चालीस लाख तिरानवे हजार आठ सौ पचपन रू०) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

**आदेशः** **स्वीकृत।**

विभागीय संकल्प संख्या–4945, दिनांक–20.07.2024 द्वारा राज्य के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत जल निकासी सहित चौड़ी, सुदृढ़, गुणवत्ता युक्त सड़कों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार तथा पार्कों, घाटों, जलाशयों इत्यादि का निर्माण कराया जाना है।

2. उक्त के क्रम में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2862, दिनांक–11.09.2024 द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के कार्यान्वयन हेतु जिला पदाधिकारी को ₹1.00 करोड़ तक तथा प्रमंडलीय आयुक्त को ₹1.00 करोड़ से उपर तथा ₹2.50 करोड़ रूपये तक की योजनाओं के प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रशासनिक स्वीकृति की शक्ति का प्रत्यायोजन किया गया है। ₹2.50 करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति विभाग स्तर से प्रदान की जानी है।

3. उक्त के आलोक में प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया द्वारा उक्त योजना अंतर्गत उनके नगर निकाय से संबंधित ₹2.50 करोड़ रूपये से अधिक की वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु चयनित योजनाओं के स्वीकृति का प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराते हुये प्रशासनिक स्वीकृति का अनुरोध किया गया है।

4. उक्त वर्णित स्थिति के आलोक में में निम्न तालिका के स्तम्भ– 4 में अंकित योजना के सम्मुख स्तम्भ–5 में अंकित कुल–04 योजना के तकनीकी अनुमोदन की राशि ₹3640.93855 लाख (छत्तीस करोड़ चालीस लाख तिरानवे हजार आठ सौ पचपन रू०) के आलोक में स्तम्भ–6 में अंकित राशि के अनुरूप मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत प्रशासनिक स्वीकृति निम्नवत प्रदान की जाती हैः–

(राशि लाख में)

| क्र०सं० | जिला का नाम | नगर निकाय का नाम | योजना का नाम | तकनीकी अनुमोदन की राशि | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* |
| 1 | कटिहार | नगर निगम, कटिहार | नगर निगम, कटिहार क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या–26, 34 एवं 35 पटेल चौक से तीनगछिया बाजार समिति एवं फसिया होते हुये चांदनी चौक तक पथ एवं नाला निर्माण कार्य। | 1345.99167 | 1345.99167 |
| 2 | | | नगर निगम, कटिहार क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या–44 तीनगछिया काली मंदिर से वेयर हाउस एवं कृषि विज्ञान केंद्र होते हुये रोजितपुर तक पथ निर्माण कार्य। | 544.49287 | 544.49287 |
| 3 | | | नगर निगम, कटिहार क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या–44 तीनगछिया बाजार समिति चौक से भौड़ाबाड़ी होते हुये कटिहार–मनिहारी पथ तक पथ एवं नाला निर्माण कार्य। | 1043.08256 | 1043.08256 |
| 4 | | नगर पंचायत, मनिहारी | नगर पंचायत, मनिहारी क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या–15 में हनुमान मंदिर से नवनिर्मित शवदाहगृह तक सड़क निर्माण कार्य। | 707.37145 | 707.37145 |
| | | | **कुल योग** | **3640.93855** | **3640.93855** |

5. उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन बुडको द्वारा ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदा प्रकाशित कर किया जायेगा।

6. योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय पत्रांक–2872, दिनांक–12.09.2024 द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका–सह–विवरणिका के आलोक में कराया जायेगा।

7. उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु सभी नगर निकायों के निमित्त कर्णांकित कुल ₹500.00 करोड़ मात्र में से संबंधित नगर निकायों के जनसंख्या के आधार पर कर्णांकित राशि के तीन गुणी राशि तक के अंतर्गत ही कराया जायेगा।

8. वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य योजना मद से कुल ₹400.00 करोड़ मात्र विभागीय राज्यादेश संख्या–316, दिनांक–11.02.2025 द्वारा बुडको को आवंटित की जा चुकी है।

9. योजनाओं के कार्यान्वयन के क्रम में समय–समय पर निर्गत विभागीय निदेशों का अक्षरशः पालन किया जायेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

सरकार के संयुक्त सचिव।